# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 14.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **होली को लेकर झांरखण्ड सहित देश भर में उल्लास, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी होली की शुभकामनाएं।**
2. **झारखंड में ग्रामीण सड़कों के लिए केंद्र ने दिए 450 करोड़ रुपये, अब ग्रामीण सड़को के काम में आएगी तेजी।**
3. **केंद्र सरकार ने विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स 2025 से पहले क्रिएटर्स इकोनॉमी के लिए एक अरब डॉलर के कोष की घोषणा की।**
4. **राज्य के सरकारी विद्यालयो में इस वर्ष एक अप्रैल से शुरू होगा नया शैक्षणिक सत्र, शिक्षा विभाग ने शुरू की तैयारी।**
5. **पश्चिमी क्षेत्र से आ रही गर्म हवा के कारण झारखंड में पारा पहुँचा 40 पार, पांच जिलों में आज लू चलने की संभावना।**

*******************

झारखंड सहित देशभर में होली को लेकर उत्सह का माहौल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा है कि हर्षोल्लास का यह पर्व एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह पावन पर्व हर किसी के जीवन में नई उमंग और ऊर्जा का संचार करने के साथ ही देशवासियों की एकता के रंग को और प्रगाढ़ करे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी झारखंड वासियों को होली और प्राकृतिक पर्व बाहा की शुभकामनाएं दी हैं। इधर राज्य के 24 जिलों में होली को लेकर पुलिस मुख्यालय की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। राज्य भर में 10 हजार अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। राँची जिले में 2000 जवानों की तैनाती की गई हैं।

*******************

रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे पर जमकर रंग और गुलाल डाला। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सभी प्रकार के भेदभाव को भूलकर रंग में सराबोर हो जाना चाहिए।

*******************

जामताड़ा जिले में होली को लेकर काफी उत्साह है। जिले में कल परांपरिक तरीके से देर रात होलिका दहन किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिले में आपसी सौहार्द के साथ होली का त्योहार मनाया जा रहा है।

*******************

झारखंड में ग्रामीण सड़कों के लिए केंद्र ने 450 करोड़ रुपये दिए है। झारखंड में अब प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के लिए पैसे की कमी दूर हो गयी है। यह राशि केंद्र का हिस्सा है। इसमें राज्य सरकार भी अपना हिस्सा देगी। अब राशि मिल जाने से ग्रामीण सड़कों का काम तेजी से हो सकेगा।

*******************

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने **विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स** 2025 के अंतर्गत क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए एक अरब डॉलर के कोष की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि पहली से 4 मई तक मुंबई में होने वाला यह कार्यक्रम क्रिएटर समुदाय को एक मंच प्रदान करेगा।

इस अवसर पर विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा कि वेव्स मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए चर्चा, सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, हितधारकों और नवप्रवर्तकों को एकजुट करेगा ताकि वे अवसरों का पता लगा सकें, चुनौतियों का समाधान कर सकें और क्षेत्र के भविष्य को आकार दे सकें।

*******************

राज्य के सरकारी विद्यालयों में इस वर्ष एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा। शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। कोविड संक्रमण के समय विद्यालय बंद रहने के की वजह से शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र को तीन माह आगे बढ़ाया था। कोविड काल के बाद सत्र पहले जुलाई, फिर जून और वर्ष 2024–25 में एक मई से शुरू हुआ था। अब वर्ष 2025–26 में एक अप्रैल से सत्र शुरू होगा। सत्र शुरू होने के साथ बच्चों को किताब और बैग उपलब्ध कराने की तैयारी भी की जा रही है।

*******************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयार्क में कहा कि जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भारत सरकार प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने नारी शक्ति की असीम ऊर्जा को पहचाना है।

*******************

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू 25 मार्च को झारखंड पहुंचेंगे। प्रभारी श्री राजू 30 मार्च तक झारखंड में प्रवास करेंगे। इस दौरान वह पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वे मंच–मोर्चा के पदाधिकारियों से सांगठनिक गतिविधियों की जानकारी भी लेंगे। श्री राजू के प्रभारी बनने बाद एक महीने में उनका दूसरी बार झारखंड दौरा है।

*******************

ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पटना–चर्लपल्ली–पटना स्पेशल ट्रेन वाया राँची का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 03253 पटना–चर्लपल्ली स्पेशल वाया रांची 17 मार्च से 28 मई तक प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को पटना से चलेगी।

*******************

होली को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिले में सुरक्षा के लिए एक हजार पांच सौ पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।

पश्चिमी क्षेत्र से आ रही गर्म हवा के कारण झारखंड के सभी जिलों में धूप की तपिश देखने को मिल रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल मौसम गर्म रहेगा। आज पलामू, गढ़वा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां में लू चलने की संभावना है।

राज्य के कई हिस्सों में 16 मार्च से मौसम में बदलाव हो सकता है। बादल छाये रह सकते हैं और वज्रपात की संभावना है। राज्य में सबसे अधिक तापमान बहरागोड़ा कारिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान 40 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

*********समाप्त*********